


## एक नजर में

### 72 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**राजगढ़ 09 दिसम्बर, का.** जिले में गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित मातृत्व और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में कुल 72 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा शिविरों में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उक्त निर्देशों के पालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल द्वारा जिला अस्पताल में आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान शिविर में उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया. गर्भवती महिलाओं के लिए विश्राम की उचित व्यवस्था, नाश्ते और पानी का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया गया. साथ ही समस्त आवश्यक जांचें भी उपलब्ध कराई गईं, जिससे महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो.

**अनुपस्थिति पर नोटिस जारी-** निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल ने स्वास्थ्य सेवाओं के मैदानी क्रियान्वयन को जानने के लिए राजगढ़ ब्लॉक के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खरना का भी औचक निरीक्षण किया. साथ ही कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के अनुपस्थित रहने पर, कारण बताओ नोटिस जारी किया गया. सीएचओ डॉ. शंखी साहू द्वारा सार्थक एप डाउनलोड कर उस पर तुरंत उपस्थिति दर्ज की गई और प्रतिदिन समय पर आकर सार्थक एप पर उपस्थिति के निर्देश दिए .इसके अतिरिक्त, सीएमएचओ ने मंगलवार को आयोजित ग्राम खाजला के टीकाकरण सत्र का भी जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने स्कूली बालक-बालिकाओं से मुलाकात की और उन्हें आयरन की गोली खाने के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया. डॉ. पटेल ने बच्चों को एनिमिया से बचाव और अच्छे स्वास्थ्य संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी. इस अवसर पर डीसीएम सुनील वर्मा और बीसीएम सैयद फिरोज भी मौजूद थे.

### सप्तशक्ति कार्यक्रम में पहुंचीं थाना प्रभारी



**माचलपुर 09 दिसम्बर, सं.** ग्राम खोकरिया में मातृशक्ति द्वारा सप्तशक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विशेष अतिथि पूजा परिहार ने बताया कि मां को अपने बच्चों से मित्रता पूर्वक उनकी समस्या दूर करना चाहिए क्योंकि बालक अपनी बात अपने पिता को नहीं बता सकता अपनी मां को खुलकर बता सकता है. परिचय मुख्य अतिथि भंवर बाई पूर्व सरपंच, विशेष अतिथि पूजा परिहार माचलपुर थाना प्रभारी, मुख्य वक्ता आकांक्षा दुबे प्रान्त सह संयोजिका, कार्यक्रम संचालन नंदनी वैष्णव, मातृशक्ति जिला संयोजिका इसके बाद मुख्य वक्ता आकांक्षा दुबे ने संघ शताब्दी वर्ष में चल रहे पंच परिवर्तन अभियान जिसमें समरसता, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार, एवं स्व आधारित जीवन को समझाया. व्यवस्था में शा मां वि खोकरिया के पुरा स्कूल स्टाफ रामप्रसाद राठौर, जगदीश दांगी, भंवर सिंह सोनगरा, सज्जन सिंह सोनगरा, रामबाबू कुम्भकार, जितेन्द्र कारपेंटर शामिल रहे.

## क्या इस प्रत्यक्ष को प्रमाण चाहिए?



# तलेन अस्पताल परिसर में बिखरा कूड़ा-कचरा

### संक्रमण को निमंत्रण : निरीक्षण, सफाई और कार्यवाही के लिए समय नहीं जिम्मेदारों के पास



नवभारत न्यूज

**तलेन 09 दिसम्बर, सं. अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र हमारी सेहत को दुरूस्त करने के लिए बनाए गए है. लेकिन यदि सेहत पर हमला यहीं से हो तो बात चिंताजनक होगी. तलेन के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर और अस्पताल के दीवार के सहारे ही कूढ़ा कचरा बिखरा पड़ा है. यह कचरा भी बायो वेस्ट की श्रेणी में रखा जा सकता है. इसे यहां क्योंकि फेंका जा रहा है, क्या अस्पताल में डस्टबिन नहीं है?**

यदि है तो मैदान में यह कचरा लापरवाही से क्यों डाला जा रहा है. क्या कोई एजेंसी इस बायोवेस्ट को लेने नहीं आ रही है. इन सवालों के जवाब मिल जाएंगे अगर विभाग के जिम्मेदार थोड़ा समय निकालकर तलेन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लें. हालत यह है कि हानिकारक पॉलिथिन और अस्पताल में उपयोग होने वाले कचरे और अतिसंवेदनशील मेडिकल वेस्ट भी अस्पताल परिसर में बिखरे पड़े है. ऐसे में गलती को ढांकने के बजाय यदि सुधार पर काम हो तो लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ होने से बच जाएगी.

# बिना जीएसटी चल रही सैकड़ों पंचायतें

### अरबों के कामों का टैक्स नहीं : सरकार के आदेश के बाद भी पंचायतों ने जीएसटी नहीं बनवाए

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 दिसम्बर, का.** जिलेभर की सेकड़ो पंचायतों में सप्लाई होने वाले माल/मटेरियल सहित वेंडरों को होने वाले भुगतान पर जीएसटी के नियम लागू नही करवाये जा रहे है. टैक्स नही काटने से शासन को हर महीने लाखों रुपये टैक्स का नुकसान पहुच रहा है. राज्य कर विभाग द्वारा जारी नियमों के तहत सभी ग्राम पंचायतों का जीएसटी (गुड्स एंड सर्विस टैक्स) में पंजीयन होना अनिवार्य है. जिले की बात जाए तो यहां सभी पंचायतों ने जीएसटी नंबर लेते हुए पंजीयन तो करवा रखा है, लेकिन वेंडरों के भुगतान में इस का पालन नही किया जा रहा है. जिससे खरीदी और बिक्री में मिलने वाली राशि शासन को नही मिल रही है.

उल्लेखनीय है कि शासन ने मप्र माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 में संशोधन करते हुए हर पंचायत को टीडीएस डिडक्टर रजिस्ट्रेशन करवाने का नियम जोड़ा. अब इसे अमल में लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. वैसे तो प्रदेशभर में राज्यकर विभाग इस मामले में अभियान चला रहा है ताकि बड़े स्तर पर हो रही टैक्स चोरी रोकी जा सके.





#### ऐसे काम करेगा टीडीएस डिडक्टर

जैसे ही कोई सप्लायर फर्म या व्यापारी संबंधित पंचायत को माल सप्लाई करेगी तो उस पर संबंधित पंचायत सचिव 2 प्रतिशत की दर से अनिवार्य रूप से टीडीएस काटेगा. फिर यह टीडीएस वह जीएसटी पोर्टल पर जाकर जमा करेगा. वहां से जीएसटी विभाग को पता चल जाएगा कि किस फर्म ने कितने रुपए का माल या सेवा दी है. उस हिसाब से गणना होगी.

#### बोगस बिल के जरिए हो रही टैक्स चोरी

ज्यादातर पंचायतों में जो बिल लगाए जा रहे उनमें जीएसटी का जिक्र नहीं होता. संबंधित व्यापारी या फर्म आगे रहकर जो जीएसटी का हिसाब दे दे वह ठीक वरना राज्य कर विभाग इन तक पहुंच नहीं पाता है. कई जगह देखने में आता है कि सरपंच, पंचायत सचिव या सहायक सचिव अपने परिचित या रिश्तेदारों के नाम पर फर्जी फर्म बनाकर या फर्जी बिल लगाकर भुगतान करते हैं. सबसे ज्यादा टैक्स चोरी सीमेंट, सरिया, रेत, गिट्टी आदि निर्माण सामग्री में होती है.

#### शासन के आदेश का नहीं हो रहा पालन

मध्यप्रदेश शासन के पंचायत राज संचालनालाय विभाग द्वारा गत अक्टूबर 2025 में एक पत्र के माध्यम से आदेश जारी किया गया है कि समस्त पंचायतों द्वारा विकास कार्य हेतु वेंडर्स को भुगतान की गई राशि पर टी डी एस कटोत्री करते हुए 2 परसेंट जी एस टी काट कर भुगतान करना होगा. इसके बाद हर सेवा या वस्तु के बदले संबंधित पंचायतें 2 प्रतिशत टीडीएस काटकर जीएसटी पोर्टल पर दर्ज करेंगी. इससे जीएसटी विभाग को पता चल जाएगा कि किस सप्लायर ने माल सप्लाई किया है और कितने रुपए का किया है. उस हिसाब से गणना करके संबंधित सप्लायर से विभाग जीएसटी की वसूली करेगा.

#### ब्लॉकवार पंचायतों की स्थिति

| ब्लॉक | पंचायतें |
|---|---|
| 1. राजगढ़ | - 101 |
| 2. खिलचीपुर | - 95 |
| 3. जीरापुर | - 87 |
| 4. ब्यावरा | - 1095 |
| 5. सारंगपुर | - 98 |
| 6. नरसिंहगढ़ | - 132 |

पंचायतों को भी जीएसटी कानून का पालन करना है. जो इस का पालन नही कर रहा है, उन पर नियमानुसार कार्यवाही कर रहे है.

**डीएस सोलंकी,**
**असिस्टेंट कमिश्नर**
**जीएसटी सर्कल राजगढ़**

# सीएम हेल्पलाईन, दिल्ली पहुंची तलेन हाईवे की शिकायत

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 09 दिसम्बर, सं. मऊ से तलेन तक बनाए जाने वाले 65 करोड़ की लागत से 25 किलोमीटर सड़क मार्ग का निर्माण किया जा रहा है. इस मार्ग के निर्माण में अनदेखी और जिले के स्थानीय विभागों द्वारा शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं होने पर मामले की शिकायत सीएम हैल्पलाईन पर की गई है.**

शिकायतकर्ता प्रदुमन परमार, यशवंत सिंह परमार ने 181 पर शिकायत नंबर 3544 73 63 के द्वारा शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि सारंगपुर एसडीएम, जिला कलेक्टर, लोक निर्माण विभाग को शिकायत की गई लेकिन किसी ने भी मौके पर जाकर जांच आदि नहीं की. शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि निर्माण में घटिया क्वालिटी बरती जा रही है. निर्माण के नाम पर अवैध खनन किया जा रहा है और स्थानीय प्रशासन, विभाग इस पर शिकायतों के बाद भी गौर नहीं कर रहा है. डामरीकरण आबादी क्षेत्र में सीसी सड़क का निर्माण नाली एवं पावर्स आदि का कार्य होना था एवं सभी जगह 7 मी आबादी क्षेत्र में सीसी रोड का निर्माण किया किया जाना था. मगर शुरू से ही कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा रोड निर्माण में गुणवत्ता विभिन्न सामग्री एवं सड़क निर्माण एवं पुलिया निर्माण आदि में गुणवत्ता विहीन कार्य किया गया.

#### दिल्ली तक ग्रामीणों ने लिखित शिकायतें भेजीं

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग मंत्रालय भोपाल, लोक निर्माण मंत्रालय डीजी भोपाल, रोड मंत्रालय भारत सरकार एवं लोकायुक्त भोपाल प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली आदि संबंधी विभागों को डाकपत्र के द्वारा शिकायत मेरे द्वारा भेजी गई है. शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनके द्वारा आरटीआई के तहत खदान अनुबंध पत्र एवं रॉयल्टी रसीद आदि की भी मांग की गई थी. मगर वह भी कर ले सारंगपुर द्वारा मुझे उपलब्ध नहीं करवाई.





# कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं को नारीशक्ति प्रमाण-पत्र दिए

### कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 09 दिसम्बर, सं.** विधानसभा खिलचीपुर अंतर्गत जनपद पंचायत खिलचीपुर एवं जनपद पंचायत जीरापुर मैं नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं को जनपद पंचायत खिलचीपुर के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, इसी क्रम में पंचायत जीरापुर की 14 एवं जनपद पंचायत खिलचीपुर की 11 नारीशक्ति को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए कार्यक्रम में हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर, श्रीमती अंकिता जैन अनुविभागीय अधिकारी खिलचीपुर, गोविंद सिंह सोलंकी सीईओ जनपद पंचायत खिलचीपुर, सुनील नैनावत जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, भारत तोमर मंडल महामंत्री खिलचीपुर, देवेंद्र जी गौड़, हरिसिंह, गिरीश सोनी, अजय साहू, हनुमान महाराज, सरपंचगण, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे.

# माण्डव के किले और ईको पॉइंट का भ्रमण किया विद्यार्थियों ने

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 09 दिसम्बर, सं.** महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के विधार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया.प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मांडवगढ़ जो खूबसूरत पर्यटक स्थल के लिए विख्यात है उसी के साथ धार्मिक स्थल महाकाल दर्शन एवं महाकाल लोक, जहाज महल, रूपमती महल, हिंडोला महल, इको प्वाइंट के बारे में गाइड द्वारा मांडव के इतिहास को समझाया तथा बच्चों को इससे मिलने वाली जानकारी से अवगत कराया गया. प्राचीन महल निर्माण में सीमेंट की जगह चुना से तैयार 10 प्रकार की सामग्री मिलाकर निर्माण होता था जो मजबुती पर प्रकाश डाला. भ्रमण के दौरान प्राचीन महल निर्माण पद्धति को समझा और मांडव गढ़ में परमार राजपूत शासकों द्वारा शासन किया फिर सुल्तान ओर मुगलों का शासन रहा.



महाकाल लोक में महाकाल के अनेकों रूपो का दर्शन किया. भ्रमण दल में प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिवचरण दांगी, खेल शिक्षक महेंद्रसिंह सोनगरा, रामेश्वर बरदानियां, दिलीप राठौर, राधेश्याम तोमर, अंकुश भावसार, कृपाल सोलंकी, जितेंद्र कारपेंटर सहित शिक्षिका भी भ्रमण दल में शामिल हुए.

### कलेक्टर ने दी पचास हजार की आर्थिक सहायता

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 09 दिसम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदक बाबूलाल जाटव को रेडक्रॉस से पचास हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदाय की गई. आवेदक बाबूलाल जाटव ने बताया कि आवेदक के पुत्र दीपक का नेवज नदी अमलार में मृत्यु हो गई थी.

# सुमिरन की आवाजें भगवान तक जरूर पहुंचती हैं



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 09 दिसम्बर, सं.** हमें हर समय भगवान का सुमिरन ध्यान हृदय से करतें रहना चाहिए ऐसे में भगवान आपकी मनोकामना हमेशा पूरी करेंगे, भगवान हमेशा भक्तों की आवाज को सुनते हैं क्योंकि भक्त के सुमीरण से भगवान प्रसन्न होते हैं श्री मद् भागवत कथा के चोथे दिवस कृष्ण जन्म उत्सव मनाते हुए पंडित नागर ने नगर के डग रोड़ बालाजी मंदिर परिसर में बताई. वासुदेव जी द्वारा कृष्ण को बाबा नंद के घर ले गए प्रसंग को विस्तार से बताया गया. कृष्ण जन्म उत्सव नंदबाबा के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की हाथी घोड़ा पालकी, आनन्द भयो भजन पर श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष खूब झुम झुम कर थिरके. भागवत कथा में बड़ी संख्या में भक्त गण शामिल होकर भक्ति रस का आनन्द ले रहे.



# सड़क पर विशालकाय गड्ढे में गिरी कार

### खिलचीपुर के जालमपुरा गांव के पास हादसा टला

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर/ब्यावरा 09 दिसम्बर, सं.** खिलचीपुर के समीप मंगलवार की तड़के छापीहेड़ा रोड पर जालमपुरा गांव के समीप रोड पर हो रहे विशालकाय गड्ढे में एक कार गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार पांच युवक बाल-बाल बचे. जानकारी के अनुसार खिलचीपुर थानांतर्गत छापीहेड़ा रोड पर जालमपुरा के यहां मार्ग के मध्य सड़क निर्माण कार्य के चलते लगभग 8 फीट गहरा गड्ढा खोदकर जस का तस पटक दिया गया. जिसे ढंका तक नहीं गया. इसी बीच देवास जिले से कार में सवार होकर जा रहे युवकों की कार इस गड्ढे में जा गिरी. युवक कामखेड़ा बालाजी के दर्शन करने राजस्थान जा रहे थे. सौभाग्य से किसी को कोई अधिक चोट नहीं आयी है.

बताया जाता है कि देवास जिले के निवासी विनोद सेंधव, कुलदीप, सचिन, शुभम, कृष्णपाल सेन राजस्थान के कामखेड़ा बालाजी दर्शन करने जा रहे थे. इसी बीच रोड पर मिट्टी के ढेर को पार करते ही सीधे कार गड्ढे में जा पहुंची. रोड पर किसी तरह का कोई संकेतक नहीं होने से इनको गड्ढा होने का पता नहीं चल पाया और कार गड्ढे में जा गिरी. आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़े और युवकों को सकुशल बाहर निकाला. किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आयी है.

**इतनी बड़ी लापरवाही-** नागरिकों का कहना है कि इस जगह न तो कोई संकेतक लगा था और न ही बेरिकेट्स लगे हुए थे. मार्ग पर से आने-जाने वाले वाहन चालकों, राहगीर को यहां गड्ढे होने का पता ही नहीं चल पा रहा है. इस तरह स्टेट हाइवे एवं अन्य मार्गो पर होने वाले निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करवाया जाये. खुले गड्ढो को रात्रि के समय ढंका जाना चाहिए. संकेतक बोर्ड लगाए या फिर बेरिकेटिंग की जाये ताकि किसी प्रकार की कोई अनहोनी होने से बच सके. घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर मामले की जांच शुरु की.

**हंगामा** ▶ व्यापारी के गोदाम पर जमकर हंगामा, पुलिस ने मामले को शांत कराया, लाइसेंस निरस्त करने की मांग


# मण्डी में मारपीट, व्यापारी के खिलाफ आक्रोशित हुए किसान

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 09 दिसम्बर, सं. स्थानीय कृषि उपज मंडी में मंगलवार सुबह नीलामी के दौरान हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया. किसान के साथ एक ट्रेडर्स पक्ष के द्वारा मारपीट करने के बाद आक्रोशित लोगों ने ट्रेडर्स के गोदाम में जमकर हंगामा कर दिया.**

जानकारी के अनुसार ग्राम नाईहेड़ी के किसान के साथ समीर ट्रेडर्स के संचालक पक्ष द्वारा कथित तौर पर की मारपीट के बाद आक्रोशित किसानों ने व्यापारी के गोदाम पर हंगामा कर दिया. मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे-तैसे मामले को शांत कराया. लेकिन पुलिस के जाते ही किसानों का आक्रोश और बढ़ गया और बड़ी संख्या में किसान के गोदाम पर पहुंच गए. इस दौरान व्यापारी मौके से भाग निकले, जबकि गुस्साए किसानों ने गोदाम में रखे लहसुन के बोरे बाहर निकालकर सड़क पर बिखेर दिए और जमकर विरोध किया. घटना के बाद दोबारा पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया. मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तथा किसान से बातचीत कर कार्रवाई का आश्वासन दिया.







#### क्या है घटनाक्रम

मंडी में नीलामी के दौरान किसान अपनी प्याज बेचने आए थे. नीलामी पूरी होने के बाद जब वे अपना माल लेकर व्यापारी समीर ट्रेडर्स के गोदाम पहुंचे तो संचालक सलीम मंसूरी ने प्याज को खराब बताकर नीलामी में तय मूल्य से कम भुगतान करने की बात कही. किसान द्वारा आपत्ति जताने पर विवाद बढ़ गया और इसी दौरान सलीम मंसूरी के भांजे इमरान और इरफान मंसूरी ने किसान के साथ मारपीट कर दी जिसका वीडियो वायरल हुआ है. बताया जाता है कि सम्बंधित फर्म संचालको द्वारा किसानों से अभद्रता का यह पहला मामला नहीं है. इसके पूर्व भी कई बार किसानों से अभद्रता और भुगतान संबंधी विवाद के मामले सामने आते रहे है. किसानों ने संबंधित ट्रेडर्स का मंडी लाइसेंस निरस्त किये जाने की मांग की है.